दिन– रविवार                                                                                   दिनांक– 11 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                                   अवधिः– 15 मिनट

---

01. पाकिस्तान ने संघर्ष विराम का किया उल्लंघन। भारतीय सशस्त्र बलों ने मुंहतोड़ जवाबी कार्रवाई की।

02. जम्मू–कश्मीर के आरएसपूरा सेक्टर में पाकिस्तान की गोलीबारी में सारण जिले के निवासी बीएसएफ के सब–इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज हुये शहीद।

03. मौसम विभाग ने सारण, सीवान, गोपालगंज, जमुई सहित कई जिलों में आज लू की चेतावनी जारी की।

04. और, खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार सेपक टाकरा के मुकाबलों में सात पदक जीत कर ओवरऑल चैंपियन बना।

————————————————————————

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा है कि पाकिस्तान के साथ बनी संघर्ष विराम सहमति का बार–बार उल्लंघन हुआ है। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में श्री मिसरी ने कहा कि सशस्त्र बल संघर्ष विराम उल्लंघन का समुचित और उचित जवाब दे रहे हैं तथा भारत इन उल्लंघनों को बहुत गंभीरता से ले रहा है। भारत ने पाकिस्तान से संघर्ष विराम उल्लंघन को समाप्त करने के लिए उचित कदम उठाने तथा स्थिति से गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ निपटने का आह्वान किया है। श्री मिसरी ने कहा कि सशस्त्र बल स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुये हैं। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों को अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम उल्लंघन की किसी भी घटना से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए गए हैं।

———बाइट———

विदेश सचिव ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से चल रही सैन्य कार्रवाई को रोकने के लिए कल शाम भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों के बीच सहमति बनी थी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को स्थिति ठीक से समझनी चाहिए तथा इस घुसपैठ रोकने के लिए तत्काल उचित कार्रवाई करनी चाहिए।

————————————————————————

जम्मू–कश्मीर में जम्मू जिले के आरएसपूरा सेक्टर में ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के सबइंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज पाकिस्तान की गोलाबारी में शहीद हो गये। वे सारण जिले के गरखा थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव के रहने वाले थे।

————————————————————————

केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने पाकिस्तान की सीमा से लगे राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक की। सूत्रों ने बताया है कि उन्हें अलर्ट रहने और सीमा पार से किसी गोलीबारी से निपटने और अपने क्षेत्रों में नागरिक रक्षा तंत्र को सक्रिय करने को कहा गया है।

———————————————————————

पाकिस्तान के साथ सीजफायर के बावजूद नागरिक सुरक्षा निदेशालय ने प्रदेश में सुरक्षा तैयारियों को मजबूत बनाये रखने का निर्देश दिया है। डीजी सह नागरिक सुरक्षा आयुक्त डॉक्टर परेश सक्सेना ने कहा कि मॉक ड्रिल के दौरान आई खामियों में सुधार करते हुये नया मास्टर प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत इन खामियों को दूर किया जा रहा है।

———————————————————————

आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस है। वर्ष उन्नीस सौ अंठानवे में इसी दिन भारत ने राजस्थान के पोखरण में परमाणु बम का सफल परीक्षण किया था। यह दिन देश की प्रगति और विकास में प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है। आज के दिन भारत की तकनीकी विशेषज्ञता और देश के पहले स्वदेशी विमान हंसा–थ्री के प्रक्षेपण में वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और नवप्रवर्तकों के योगदान और छठे वैश्विक परमाणु परीक्षण को याद किया जाता है। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का उद्देश्य दैनिक जीवन में प्रौद्योगिकी की भूमिका को उजागर करना और विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी में युवाओं की रुचि को प्रोत्साहित करना है। देश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जैव प्रौद्योगिकी और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों से प्रगति और नवाचार को बढ़ावा मिलता है।

———————————————————————

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के सातवें दिन भी बिहार के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। बिहार कल दो और स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही सेपक टाकरा में ओवर ऑल चौंपियन रहा। इस स्पर्धा में बिहार ने एक स्वर्ण, पांच रजत सहित कुल सात पदक जीते हैं। इसके साथ ही बिहार की टीम पदक तालिका में चौदहवें स्थान पर आ गई है। इधर, महाराष्ट्र के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन का सिलसिला जारी है। चौहत्तर पदक जीत कर महाराष्ट्र मेडल टैली में पहले स्थान पर बना हुआ है। उनतालीस पदको के साथ कर्नाटक दूसरे जबकि तेईस पदकों के साथ राजस्थान तीसरे स्थान पर है। आज प्रतियोगिता के आठवें दिन बास्केट बॉल, टेनिस, कुश्ती, बैडमिंटन और मुक्केबाजी समेत विभिन्न खेल स्पर्धाओं में कई मेडल दांव पर होंगे।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकांश भागों में तापमान बढ़ने से गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों में कई स्थानों में उष्ण लहर–लू चलने की सम्भावना है।

–––बाईट–––

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने विभिन्न दलों के बूथ स्तरीय एजेंट, बीएलए का प्रशिक्षण कल से शुरू कर दिया है। पटना के जगजीवन राम संसदीय अध्ययन और राजनीतिक शोध संस्थान के सभागार में छब्बीस मई तक प्रतिदिन यह प्रशिक्षण कार्य चलेगा।

———————————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा है कि पार्टी सभी विधानसभा क्षेत्रों में जातीय सम्मेलन करेगी। उन्होंने प्रदेश मुख्यालय में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि जातीय सम्मेलन की शुरूआत पन्द्रह मई से होगी। श्री जायसवाल ने कहा कि जातीय सम्मेलन की जिम्मेवारी क्षेत्र विशेष के स्थानीय नेताओं को दी जायेगी।

———————————————————————

राज्य सरकार के पूर्व मंत्री और खगड़िया जिला के परबत्ता के पूर्व विधायक रामानंद सिंह का पटना एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन पर सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने गहरा दुख जताया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने भारत–पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम पर सहमति से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। साथ ही पाकिस्तान की ओर से सीजफायर के उल्लंघन को तरजीह दी है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. पाकिस्तान ने संघर्ष विराम का किया उल्लंघन। भारतीय सशस्त्र बलों ने मुंहतोड़ जवाबी कार्रवाई की।

02. जम्मू–कश्मीर के आरएसपूरा सेक्टर में पाकिस्तान की गोलीबारी में सारण जिले के निवासी बीएसएफ के सब–इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज हुये शहीद।

03. मौसम विभाग ने सारण, सीवान, गोपालगंज, जमुई सहित कई जिलों में आज लू की चेतावनी जारी की।

04. और, खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार सेपक टाकरा के मुकाबलों में सात पदक जीत कर ओवरऑल चैंपियन बना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।